भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 775

07 फरवरी, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

एआईआईए का उपग्रह केंद्र

775. डॉ. राजकुमार सांगवान:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार उत्तर प्रदेश में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) का एक उपग्रह केंद्र स्थापित करने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा उक्त संस्थान किस स्थान पर स्थापित किया जाएगा और इसके कब तक स्थापित होने की संभावना है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (ग): उत्तर प्रदेश में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) का सैटेलाइट सेंटर स्थापित करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। हालाँकि, आयुष मंत्रालय के तहत नई दिल्ली में एक अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) क्रियाशील है। इसके अलावा, एआईआईए, नई दिल्ली का एक सैटेलाइट सेंटर गोवा में स्थापित किया गया है।

****